आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 05.12.2024 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- महाराष्ट्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र फणनवीस ने मुख्यमंत्री पद की ली शपथ।
- टीबी मुक्त भारत के तहत 100 दिवसीय अभियान, प्रदेश के 23 जिलों में होगा संचालित।
- हम होंगे कामयाब अभियान के तहत प्रदेश में जेण्डर आधारित हिंसा के खिलाफ कार्यक्रमों का आयोजन।
- प्रयागराज महाकुंभ के लिए रेलवे 6 दिनों के महाकुभ पुण्य यात्रा टूर का करेगा संचालन।

समाचार विस्तार सेः–

**शपथ ग्रहण**

मुंबई में भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र फडणवीस आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कई अन्य केंद्रीय मंत्री, और राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेताओं के साथ फिल्म अभिनेता और उद्योग जगत की हस्तियां शामिल हुई।

**'टीबी मुक्त भारत**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में देश को टी.बी. (क्षय रोग) से मुक्त कराने का संकल्प लिया था। इस अभियान के साथ प्रदेश कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। उन्होने बताया कि देश के 347 जिलों में 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान चलाया जा रहा है। इनमें मध्यप्रदेश के 23 जिलेअलीराजपुर, अनूपपुर, बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, दतिया, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, खंडवा, मंडला, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, रतलाम, सीहोर, सिवनी, श्योपुर, सीधी, सिंगरौली, उज्जैन और विदिशा शामिल हैं।

**राज्यपाल सम्मान**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सम्मानित प्रतिभाएं उत्कृष्ट कार्यों की ध्वज वाहक होती है। उनके उत्कृष्ट कार्य समाज को चुनौतियों का सामना करने का विश्वास और विज़न प्रदान करते है। राज्यपाल श्री पटेल, प्रेस क्लब भोपाल द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश रत्न अवॉर्ड समारोह को भोपाल के रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद जी भी उपस्थित थे।

**पोलियो**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 8 से 10 दिसंबर तक प्रदेश के 16 जिलों में पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। इनमें भिण्ड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगोन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा शामिल है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समस्त नागरिकों से आहवान किया कि सब मिलकर परिवारों को प्रोत्साहित करें और नवजात बच्चों से लेकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पल्स पोलियों की "दो बूंद जिन्दगी की" जरूर पिलाएं, जिससे भविष्य में पोलियों से पूर्ण मुक्ति मिल सके।

**संसद कार्यवाही**

लोकसभा में आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ आरोप और संभल हिंसा के मुद्दे पर विपक्ष के शोर-शराबे के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

पहले स्थगन के बाद जब सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई तो रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे संशोधन विधेयक 2024 के बारे में उत्तर देने की कोशिश की। लेकिन विपक्षी सांसदों ने शोर-शराबा जारी रखा जिससे सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पडी।

इधर राज्यसभा में सरकार ने कहा कि डेटा की लागत मार्च 2014 में 269 रुपये प्रति गीगा बाइट थी जो जून 2024 में घटकर आठ रुपये 31 पैसे प्रति गीगा बाइट हो गई है। संचार राज्य मंत्री पेम्मासनी चंद्रशेखर ने कहा कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या मार्च 2014 में 25 करोड़ 15 लाख थी जो इस वर्ष जून में बढ़कर लगभग 97 करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया में सबसे तेजी से 5G सेवाओं की शुरुआत की है।

<u>पीएम आवास–अनूपपुर</u>

प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। अनूपपुर में भी सर्दी, गर्मी और बारिश के दिनों में जहां लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था वहीं अब पक्के घर बन जाने से इन लोगों को विभिन्न मौसमों में होने वाली कई परेशानियों से निजात मिली है। एक हितग्राही ने बताया ...

रेलवे महाकुम्भ

प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए आई.आर.सी.टी.सी. द्वारा भारत गौरव पर्यटक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा । 21.जनवरी 2025 को इंदौर से प्रयागराज महाकुम्भ के लिए रवाना होगी। यह प्रदेश के इंदौर, देवास, उज्जैन, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होते हुए जाएगी। इस “महाकुम्भ पुण्य यात्रा” के तहत 6 दिनों में प्रयागराज, वाराणसी एवं अयोध्या के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। इसमें आरामदायक रेल यात्रा, भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, आवास की व्यवस्था, टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा सेवा शामिल होंगी है। इच्छुक पर्यटक इसकी बुकिंग

आई.आर.सी.टी.सी. की वेबसाइट www.irctctourism.com पर या भोपाल, जबलपुर एवं इंदौर रेल्वे स्टेशन में आईआरसीटीसी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**हम होंगे कामयाब**

प्रदेश में जेंडर आधारित हिंसा को रोकने हेतु हम होंगे कामयाब अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। धार के एकलव्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जेंडर समानता के बारे में सामाजिक परिवेश के बारे में जानकारी दी गई। देवास जिले में 10 दिसम्बर तक "हम होंगे कामयाब" पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। आज ग्राम धिंगरखेड़ा के एकीकृत शाला शासकीय हाई स्कूल में सकारात्मक पुरूषत्व विषय पर लक्षित कार्यशालाएं आयोजित की गई। जबलपुर में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा की उपस्थिति में जिला अस्पताल में पीसीपीएनडीटी अधिनियम पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी तरह **सीहोर जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों ब्लॉक एवं जिला स्तर पर अनेक जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।**

**कर्मभूमि से जन्मभूमि योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्षा जल को संग्रहित कर भूगर्भ में जल भंडारण क्षमता के विकास के लिए चलाई जा रही 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' योजना एक अभिनव पहल है। योजना में गुजरात में रहकर व्यापार करने वाले अन्य प्रदेशों के व्यापारियों द्वारा स्वयं के संसाधनों से अपने राज्यों में बोर लगवाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश के सतना जिले में कार्य आरम्भ हो गया है। पूरे प्रदेश में 15 हजार बोर लगाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर त्रिपक्षीय बैठक की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जलसंचय संकल्प को जन-आंदोलन बनाने के क्रम में 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है।

समाचार संक्षेप में .....

- जबलपुर संभाग के जिलों में आज कहीं–कहीं वर्षा दर्ज की गई। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान शिवपुरी जिले के पीपरसमा में 9 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
- मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वृद्धजन 23 दिसम्बर को खंडवा से जगन्नाथपुरी जा सकेंगे। इसके लिए आवेदन नगरीय निकाय अथवा जनपद पंचायत कार्यालय में 7 दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक जमा किए जा सकते हैं।
- आगरमालवा जिले में 19 भवनविहीन आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए राज्य आयोजना मद से भवनों के लिए स्वीकृति प्रदान की गई हैं। इसमें आगरमालवा नगर हेतु छह भवन शामिल है।
- खण्डवा में रबी सीजन में यूरिया खाद की जिले में तीन रैक आ चुकी हैं। जिसमें से कुल यूरिया 6हजार 417 मीट्रीक टन जिले के गोदामों एवं समितियों में भण्डारण हो चुका हैं।
- नीमच मे प्रधानमंत्री धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना अन्तर्गत जिले के 17 ग्राम चयनित किए गए हैं। चंयनित ग्रामों की कार्ययोजना हेतु आज जिला पंचायत सभाकक्ष हुई बैठक में जिला पंचायत सीईओ अरविंद डामोर ने दिशा निर्देश दिए।
- शिवपुरी जिले में उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले 30 सदस्यीय कृषकों के एक दल को उन्नत खेती के बारे मे देने के लिए पांच दिवसीय भ्रमण पर भेजा गया है। यह दल उत्तर प्रदेश के झांसी, बरूआ सागर, कानपुर कृषि विज्ञान केन्द्र, आदि स्थानों का दौरा करेगा।
- शहडोल जिले में ई केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी कराने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर केदार सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों से कहा है कि अलग—अलग सेक्टर में शिविर आयोजित कर सेक्टर अधिकारियों को तैनात किया जाए।

..............................................